शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली

मध्यावधि परीक्षा अभ्यास प्रश्न-पत्र

सत्र: 2025-26

कक्षा: ग्यारहवीं

इतिहास (कोड: 027)

निर्धारित समय: 3 घंटे　　　　　　　　　　　　　　　　　अधिकतम अंक: 80

सामान्य निर्देश:

निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए:

(i) इस प्रश्न पत्र में 34 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न पत्र पांच खंडों में विभाजित है - खंड क, ख, ग, घ और ङ।

(iii) खंड क - प्रश्न संख्या 1 से 21 तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।

(iv) खंड ख - प्रश्न संख्या 22 से 27 लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60 से 80 शब्दों में लिखें।

(v) खंड ग - प्रश्न संख्या 28 से 30 दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 8 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 300 से 350 शब्दों में लिखें।

(vi) खंड घ - प्रश्न संख्या 31 से 33 तीन उप-प्रश्नों वाले स्रोत-आधारित प्रश्न हैं. प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है।

(vii) खंड ङ - प्रश्न संख्या 34 मानचित्र-आधारित प्रश्न है जिसमें महत्वपूर्ण परीक्षण वस्तुओं की पहचान और स्थान शामिल है। यह प्रश्न 5 अंकों का है। मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न करें।

(viii) प्रश्न पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, खंड ख, ग, और घ में आंतरिक विकल्प क प्रावधान किया गया है। परीक्षार्थी को इनमें से किसी एक प्रश्न क उत्तर लिखना है।

(ix) इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अलग प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर सिर्फ दृष्टिबाधित परीक्षार्थी लिखें।

## खंड क

(बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न)

21x1=21

1. **मेसोपोटामिया के प्रथम लिखित दस्तावेज़ मुख्यतः किस कार्य के लिए प्रयुक्त होते थे?**
   a) राजकीय उपलब्धियों का लेखा-जोखा रखने के लिए
   b) व्यापारिक हिसाब-किताब रखने के लिए
   c) धार्मिक स्तोत्र लिखने के लिए
   d) मिथकों का वर्णन करने के लिए

**2. प्रारम्भिक मेसोपोटामियाई पट्टिकाएँ ______ लिपि में लिखी गई थीं।**

a) चित्रलिपि (Hieroglyphic)

b) कीलाक्षर (Cuneiform)

c) ब्राह्मी (Brahmi)

d) फोनीशियन (Phoenician)

**3. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?**

a) मेसोपोटामियाई मंदिरों को ज़िगुरात कहा जाता था।

b) ऊर और ऊरुक मेसोपोटामिया के प्रमुख नगर थे।

c) गिलगमेश महाकाव्य मेसोपोटामिया से संबंधित है।

d) मेसोपोटामियावासी लेखन के लिए पैपिरस का उपयोग करते थे।

4. एक विद्यार्थी को जौ के राशन से संबंधित कीलाक्षर चिन्हों वाली एक मिट्टी की पट्टिका मिली। यह पट्टिका सम्भवतः किस श्रेणी से संबंधित थी?

a) साहित्य

b) आर्थिक अभिलेख

c) खगोल सम्बन्धी प्रेक्षण

d) ऐतिहासिक विवरण

5. मिलान कीजिए :

| स्तम्भ A | स्तम्भ B |
|---|---|
| 1. ज़िगुरात – | a. प्राचीनतम शहरी बस्ती |
| 2. ऊरुक – | b. सीढ़ीनुमा मंदिर मीनार |
| 3. कीलाक्षर – | c. लेखन पद्धति |
| 4. हम्मूराबी – | d. विधि संहिता |

6. रोमन साम्राज्य में प्रशासन और उच्च साहित्य की भाषा ________ थी।

a) ग्रीक

b) लैटिन

c) अरामी

d) फ़ारसी

7. चंगेज़ ख़ाँ के अधीन मंगोल साम्राज्य की राजधानी थी :

a) समरकंद

b) बीजिंग

c) कराकोरम

d) बुख़ारा

8. मध्ययुगीन यूरोप की विशाल ज़मींदारी सम्पत्तियों को क्या कहा जाता था?

a) मैनर

b) फीफ़्स

c) गिल्ड्स

d) टाउनशिप्स

9. कौन-सी नदी ने रोमन साम्राज्य को पूर्वी और पश्चिमी भागों में विभाजित किया था?

a) टाइबर


b) डेन्यूब

c) राइन

d) इनमें से कोई नहीं

10. **चित्र की पहचान कीजिए :**

चित्र में दर्शाया गया स्मारक है:



a) पेंथियन

b) कोलोसियम

c) पों द्यु गार्द

d) जलसेतु

11. **निम्नलिखित में से कौन-सा रोमन समाज की विशेषता नहीं थी?**

a) दास प्रथा प्रचलित थी

b) सीनेट शक्तिशाली थी

c) प्रारम्भ से ही ईसाई धर्म प्रमुख था

d) विजय के माध्यम से विस्तार

**12. मिस्र से रोम तक अनाज लेकर जाते हुए एक रोमन सैनिक किस पहलू को दर्शाता है?**

a) सैनिक शक्ति

b) प्रांतों पर खाद्य आपूर्ति के लिए निर्भरता

c) धार्मिक अनुष्ठान

d) कलात्मक परम्परा

**13. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

a) मंगोल मूलतः पशुपालक घुमंतू थे

b) मंगोल केवल स्थायी कृषि पर निर्भर थे

c) चंगेज़ ख़ाँ को चीनी शासकों ने पराजित किया

d) मंगोल मंगोलिया से बाहर कभी फैले ही नहीं

**14. मंगोल शासनकाल के दौरान रेशम मार्ग पार करने वाला एक कारवाँ कम ख़तरों का सामना करता था। यह स्थिति किसकी द्योतक है?**

a) मंगोलों का पतन

b) पैक्स मंगोलिका (Mongol Peace)

c) धार्मिक सहिष्णुता

d) सामंत प्रभुओं का उदय

**15.** मंगोलों द्वारा विजित क्षेत्रों से कुशल शिल्पियों और प्रशासकों की भर्ती उनकी किस विशेषता को दर्शाती है?

a) कौशल की कमी

b) विविध संस्कृतियों का आत्मसात

c) शासन के प्रति उदासीनता

d) केवल पशुपालक अर्थव्यवस्था पर निर्भरता

**16. मध्ययुगीन यूरोपीय समाज में 'तीन वर्ग' (Three Orders) थे :**

a) कुलीन, कृषक और पादरी

b) व्यापारी, कृषक और सैनिक

c) राजा, प्रभु और कारीगर

d) शूरवीर, दास और नगरवासी

**17. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?**

a) सर्फ़ (Serfs) भूमि से बँधे होते थे

b) साधु (Monks) मठों में रहते थे

c) शूरवीर (Knights) शौर्य-संहिता का पालन करते थे

d) किसान एक मैनर (Manor) से दूसरे मैनर में स्वतंत्र रूप से जा सकते थे

**18. यदि मध्ययुगीन यूरोप का कोई कृषक अपनी उपज का दसवाँ भाग चर्च को देता था, तो इस भुगतान को क्या कहा जाता था?**

a) किराया

b) टाइथ (Tithe)

c) सामंती उपकर (Feudal due)

d) कर (Tax)

**19. वाइकिंग आक्रमणों के दौरान अपने स्वामी के मैनर की रक्षा करता हुआ शूरवीर सामंतवाद की किस विशेषता को दर्शाता है?**

a) मैनोरियल उपकर

b) जागीरदार-स्वामी (Vassal–Lord) संबंध

c) मठवासी संगठन

d) गिल्ड प्रणाली

**20. यहाँ दो कथन दिए गए हैं - कथन (A) और कारण (R)। इन्हें पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए।**

**कथन (A):** नगरों के उदय ने यूरोप में सामंती व्यवस्था को कमजोर कर दिया।
**कारण (R):** नगरों ने व्यापार, मुद्रा-आधारित अर्थव्यवस्था और स्वतंत्र शासन को प्रोत्साहन दिया।

a) A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है

b) A और R दोनों सत्य हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है

c) A सत्य है, परन्तु R असत्य है

d) A असत्य है, परन्तु R सत्य है

21. गिलगमेश महाकाव्य, जो सबसे प्राचीन ज्ञात साहित्यिक कृतियों में से एक है, किस प्राचीन सभ्यता से संबंधित है?

a) मिस्री

b) मेसोपोटामियाई

c) सिन्धु घाटी

d) चीनी

खंड ख

(लघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न)

6x3=18

**22.** a) रोमन साम्राज्य के विस्तार और सुदृढ़ीकरण में रोमन सेना की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए।

**अथवा**

b) रोमन साम्राज्य में व्यापार और नगरीय केन्द्रों के महत्व की परीक्षा कीजिए।

**23.** मंगोल साम्राज्य के निर्माण में चंगेज़ ख़ाँ के योगदान का विश्लेषण कीजिए।

**24.** समझाइए कि मेसोपोटामिया में लेखन और नगर जीवन किस प्रकार परस्पर जुड़े हुए थे। अपने उत्तर को उपयुक्त उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए।

**25.** मध्ययुगीन यूरोपीय समाज के 'तीन वर्गों' (Three Orders) की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए। इन वर्गों ने उस समय के राजनीतिक और आर्थिक जीवन को किस प्रकार आकार दिया?

**26.** इस दृष्टिकोण को उचित ठहराइए कि मध्ययुगीन यूरोप में नगरों और व्यापार उदय ने सामंतवाद (Feudalism) के पतन में योगदान दिया।

**27.** a) उन कारकों पर चर्चा कीजिए जिन्होंने पश्चिमी रोमन साम्राज्य के पतन का कारण बनाया।

**अथवा**

b) रोमन साम्राज्य में तीसरी शताब्दी के संकट की परीक्षा कीजिए। इसने साम्राज्य की राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिरता को किस प्रकार प्रभावित किया?

खंड ग

(दीर्घउत्तरीय प्रकार के प्रश्न)

8x3=24

**28.** a) मेसोपोटामियाई नगरों के सामाजिक-आर्थिक जीवन को आकार देने में मंदिरों और नगरीय संस्थाओं की भूमिका की परीक्षा कीजिए।

**अथवा**

b) चर्चा कीजिए कि कृषि प्रथाओं और सिंचाई प्रणालियों ने मेसोपोटामियाई सभ्यता की वृद्धि में किस प्रकार योगदान दिया।

**29.**a) रोमन विधिक व्यवस्था (Roman Legal System) के संचालन का विश्लेषण कीजिए। इसने साम्राज्य के राजनीतिक और सामाजिक जीवन को किस प्रकार प्रभावित किया?

**अथवा**

b) रोमन जगत की अर्थव्यवस्था और समाज पर दास प्रथा (Slavery) के प्रभाव का मूल्यांकन कीजिए।

**30.** a) इस कथन को उचित ठहराइए : "चर्च मध्ययुगीन यूरोप की सबसे शक्तिशाली संस्था थी।" अपने उत्तर को उपयुक्त प्रमाणों सहित प्रस्तुत कीजिए।

**अथवा**

b) मध्ययुगीन यूरोपीय समाज के संदर्भ में धर्मयुद्धों के कारणों और परिणामों की व्याख्या कीजिए।

खंड घ

(स्त्रोत आधारित प्रश्न)

4x3=12

31. दिए गए स्रोत को पढ़िए और निचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

**सम्राट त्राजान का स्वप्न – भारत की विजय?**

'तत्पश्चात् भयंकर भूकंप से पीड़ित एंटिऑक में सर्दियों के बाद (115/16), 116 में त्राजान फ़रात नदी के रास्ते आगे की ओर बढ़ता हुआ पार्थियन की राजधानी टेसीफ़ून तक चला गया और फिर वहाँ फ़ारस की खाड़ी के सिरे पर पहुँच गया। (इतिहासकार) कैसियस डियो (Cassius Dio) के अनुसार वहाँ पर वह भारत की ओर जाने वाले किसी वाणिज्यिक पोत को लालायित नज़रों से देख रहा था और चाह रहा था कि काश वह सिकंदर जैसा जवान होता।'

*– स्रोत: फरगस मिल्लर, दि रोमन नीयर ईस्ट*

31.1 इस अंश (Excerpt) का लेखक कौन था? 1

31.2 कौन-सा नगर एक भीषण भूकम्प से प्रभावित हुआ था? 1

31.3 कौन भारत जाने वाले जहाज़ की ओर बड़ी लालसा से देख रहा था और क्यों? 2

32. दिए गए स्रोत को पढ़िए और निचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

**बुखारा पर कब्ज़ा**

परवर्ती तेरहवीं शताब्दी के ईरान के मंगोल शासकों के एक फ़ारसी इतिवृत्तकार जुवैनी (Juwaini) ने 1220 ई. में बुखारा की विजय का वृत्तांत दिया है। जुवैनी के कथनानुसार नगर की विजय के बाद चंगेज़ खान उत्सव मैदान में गया जहाँ पर नगर के धनी व्यापारी एकत्रित थे। उसने उन्हें संबोधित कर कहा, "अरे लोगों! तुम्हें यह ज्ञात होना चाहिए कि तुम लोगों ने अनेक पाप किए हैं और तुममें से जो अधिक सम्पन्न लोग हैं उन्होंने सबसे अधिक पाप किए हैं। अगर तुम मुझसे पूछो कि इसका मेरे पास क्या प्रमाण है तो इसके लिए मैं कहूँगा कि मैं ईश्वर का दंड हूँ। यदि तुमने पाप न किए होते तो ईश्वर ने मुझे दंड हेतु तुम्हारे पास न भेजा होता..." अब कोई व्यक्ति, बुखारा पर अधिकार होने के बाद खुरासान भाग गया था। उससे नगर के भाग्य के बारे में पूछने पर उसने उत्तर दिया, 'वे (नगर) आए, दीवारों को ध्वस्त कर दिया, जला दिया, लोगों का वध किया, लूटा और चल दिए।'

**32.1** जुवैनी कौन थे? 1

**32.2** बुख़ारा कब और किसके द्वारा विजित किया गया था? 1

**32.3** विजय के बाद नगर की दशा का वर्णन कीजिए। 2

33. दिए गए स्रोत को पढ़िए और निचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

### वार्का शीर्ष

3000 ई.पू. उरुक नगर में स्त्री का यह सिर एक सफ़ेद संगमरमर को तराशकर बनाया गया था। इसकी आँखों और भौंहों में क्रमश: नीले लाजवर्द (Lapis lazuli) तथा सफ़ेद सीपी और काले डामर (Bitumen) की जड़ाई की गई होगी। सिर के ऊपर एक खाँचा बना हुआ है जो शायद गहना पहनने के लिए बनाया गया था। यह मूर्तिकला का एक विश्व-प्रसिद्ध नमूना है, इसके मुख, ठोड़ी और गालों की सुकोमल-सुंदर बनावट के लिए इसकी प्रशंसा की जाती है। यह एक ऐसे कठोर पत्थर में तराशा गया है जिसे काफी अधिक दूरी से लाना पड़ा होगा।

**33.1** स्त्री का सिर कब और कहाँ तराशा गया था? 1

**33.2** वरका हेड (Warka Head) की आँखों और भौंहों का वर्णन कीजिए। 1

**33.3** इस मूर्तिकला को क्यों प्रशंसा प्राप्त है? 2

खंड ङ

(मानचित्र आधारित प्रश्न)

1x5=5

34.1 दिये गये पश्चिम एशिया के रूपरेखा-मानचित्र (Outline Map) पर निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों सहित चिन्हित कीजिए और उनके नाम लिखिए : 3 × 1 = 3

a) सीरिया


b) लेबनान

c) दज़ला

**अथवा**

फरात

34.2 इसी रेखा-मानचित्र पर दो स्थान 1 और 2 के रूप में अंकित किए गए हैं। उनकी पहचान कीजिए और उनके सही नाम लिखिए। 2X 1=2




नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए हैं प्रश्न सं. 34 के स्थान पर दिए गए हैं।

34.1 मंगोलों द्वारा आक्रमण किए गए किसी भी तीन नगरों के नाम लिखिए। 3

34.2 मेसोपोटामिया के किसी भी दो नगरों के नाम लिखिए। 2